जिला कलेक्टर ने मां वाउचर योजना की समीक्षा की

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल सहित समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालयों एवं उप जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक एवं प्राथमिक

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की आयोजित बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिशा -निर्देश देते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा (दाएं से पहले)।

■ मां वाउचर योजना में गर्भवती महिलाओं को मिले समुचित लाभ, उन्हें परेशान न होना पडे : जिला कलेक्टर असावा

स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलक्टर ने महत्वाकांक्षी मां वाउचर योजना की समीक्षा करते हुए टीआईडी जेनरेशन एवं गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी प्रक्रिया की प्रगति का आंकलन किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गर्भवती महिलाओं को योजना के तहत निजी लैब में सोनोग्राफी के लिए परेशान न होना पडे। मां वाउचर मिलने के बाद उनकी समुचित ढंग से सोनोग्राफी हो और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि टीआईडी जनरेट करने के बाद मां वाउचर को ट्रैक कर समुचित लाभ दिया जाए। कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए ई-केवायसी, कार्ड वितरण एवं क्लेम भुगतान की स्थिति का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के संबंध में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में हर वर्ग और श्रेणी, यानि जिले के 70 से अधिक आयु के समस्त बुजुर्गों को शामिल किया गया है, ऐसे में शत प्रतिशत पंजीयन होना जरूरी है तभी योजना सफल हो सकेंगी। बैठक में विभाग द्वारा बताया कि वर्तमान में केवल 14.7 प्रतिशत प्रगति ही सुनिश्चित हुई है, इस पर कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजकर मिशन मोड पर 70 से अधिक आयु के बुजुर्गों का पंजीकरण शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में जिला कलक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और नवजात स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी चिकित्सा संस्थान सभी प्रसव का डेटा समय पर चिकित्सा विभाग को उपलब्ध कराएं तथा सीएमएचओ इसके लिए सभी प्राइवेट हॉस्पिटल को पाबंद करें। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान, निक्षय अभियान की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने कहा कि इस अभियान को पूरी गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि टीबी के मरीजों की पहचान, स्क्रीनिंग और उपचार संबंधी सभी लक्ष्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कलक्टर ने मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना एवं मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना की बारीकी से समीक्षा की।

सार-समाचार

श्रीयादे माता की जयंती मनाई

कपासन, (निसं)। कपासन में प्रजापत समाज ने अपनी कुलदेवी श्री श्रीयादे माता की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रजापत पंचायत भवन में सुबह से यज्ञ-हवन के साथ हुई। दोपहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में अस्थल मंदिर से ठाकुर जी का बेवान और श्रीयादे माता की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सजे-धजे रूप में शामिल हुए। युवक-युवतियों ने नृत्य और गायन के साथ यात्रा को और भी रंगीन बना दिया। यात्रा का मार्ग पंचायती भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थलों जैसे बस स्टैंड, पांचबत्ती चौराहा, खारी बावडी बालाजी, लोकड़िया बाजार, सदर बाजार, पीपली बाजार, सुनारा मंदिर चौक होते हुए पुन: पंचायत भवन पर समाप्त हुआ। मार्ग में कई स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समाज को प्रसादी रखी गई। इससे पूर्व रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था। ये रहे मौजूद कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष ताराचंद कुम्हार के नेतृत्व में रमेश चंद्र कुम्हार, शंकरलाल प्रजापत, रतनलाल प्रजापत, जगदीश, नरेश, मदन, मोहनलाल, राजकुमार, किशनलाल, रतनलाल पेंटर, गोपाल, गणेश प्रजापत, मुकेश, मोहन, हजारी लाल, डालू लाल, चुन्नीलाल प्रजापत सहित अनेक प्रमुख सदस्यों का योगदान रहा। नवयुवक मंडल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रसादी का वितरण किया गया।

पंच गौरव के कार्य योजना के संबंध बैठक

डूंगरपुर, (निसं)। पंच गौरव की कार्य योजना के संबंध में जिला कलक्टर अंकित कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर अंकित कुमार ने पंच गौरव से संबंधित नोडल प्रभारियों को पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालना में तैयार की गई कार्य योजना के बारे में संबंधित नोडल अधिकारी से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने जिला खेल अधिकारी से एक जिला एक खेल के अंतर्गत तीरंदाजी हेतु आवश्यक संसाधन,कोच, मैदान, प्रशिक्षण से संबंधित तैयार की गई और कार्य योजना की जानकारी ली। इसी क्रम में फल आम की गुणवत्ता युक्त पैदावार बढाने हेतु आम्रपाली, ललिता, केसर आदि उपलब्धता, प्रोसेसिंग हेतु आवश्यक जमीन की उपलब्धता, मार्बल उद्योग के लिए ब्रांडिंग, सेमिनार, कार्यशाला, एक डेस्टिनेशन में बेणेश्वर धाम पर पर्यटन को बढावा देने हेतु पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं यथा शौचालय, चेंजिंग रूम, बिजली,पानी, सोलर लाइट्स बडा पावर प्लांट, साफ सफाई, कलाकारों के ठहरने हेतु रूम-कक्ष आदि के बारे में चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक उन्होंने दिए गए सुझावों की विस्तार पूर्वक अनुमानित लागत के साथ कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

कंटेनर से अवैध शराब बरामद

डूंगरपुर, (निसं)। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बिछीवाडा पुलिस ने बडी कार्यवाही की है। राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस ने एक कंटेनर से 8 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है। तस्कर कूलर की आड में शराब की तस्करी कर रहे थे। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिछीवाडा थानाधिकारी कैलाश सोनी को मुखबीर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी कर दी। उदयपुर की ओर से आ रहे एक कंटेनर को रोककर जब तलाशी ली गई तो उसमें कूलर के बीच छिपाकर रखे गए शराब के 69 कार्टन मिले। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कंटेनर चालक सुरेंद्रसिंह और उसके साथी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 8 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अब इस तस्करी के पीछे के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

हिमानी भोई को डॉक्टरेट की उपाधि

डूंगरपुर, (निसं)। मोहनलाल सुखाडियाा विश्वविद्यालय ने डूंगरपुर के आदर्श नगर निवासी श्रीमती हिमानी पत्नी मयंक भोई को भौतिक विज्ञान में पीएचडी.की उपाधि प्रदान की है। हिमानी ने भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीश कुमार के निर्देशन में पर्यावरणीय अनुकूल सोल-जेल प्रक्रिया द्वारा संश्लेषित कुछ नैनो-क्रिस्टेलाइन बहुकार्यात्मक ऑक्साइड्स के संरचनात्मक, प्रकाशीय और चुम्बकीय गुणों का अध्ययन विषय पर शोध किया। शोध में उन्होंने नैनो कणों के संश्लेषण के लिए कृत्रिम रसायन के स्थान पर नीम्बू, गन्ना, संतरा एवं टमाटर के रसों का उपयोग रेडूसिंग एवं कैपिंग एजेंट के रूप में किया तथा नैनो कणों का सूक्ष्मजीव रोधी व कैंसर रोधी प्रभाव से सम्बंधित अध्ययन किया है। उनके 13 शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में छप चुके हैं, जिनमे से एक शोध पत्र में उन्होंने सोडियम डोप्ड मैग्नीशियम ऑक्साइड नैनोकणों का एमसीएफ 7 स्तन कैंसर कोशिका के प्रति विषाक्तता एवं चुम्बकीय अतिताप कैंसर थेरैपी से सम्बंधित अध्ययन किया हैए जो अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका सेरामिक्स इंटरनेशनल में प्रकाशित हुआ है। हिमानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पुरे परिवार और गुरुजन प्रो.सुधीश कुमार एवं प्रो.विवेक मांडोत को दिया है।

मध्यप्रदेश तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष का स्वागत

कपासन, (निसं)। मध्य प्रदेश तेलगानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू शुक्रवार शाम कपासन के दौरे पर पहुंचे। उनके आगमन पर साहू नवयुग मंडल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और मेवाडी पगडी पहनाकर भव्य स्वागत किया। रविकरण साहू तीर्थ स्थल मातृकुंडिया में समाज के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने के बाद श्री सांवलियाजी की यात्रा के दौरान कपासन में रुके। इस दौरान उन्होंने समाज के विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा की। कार्यक्रम मे मध्य प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष राधेश्याम अस्तोलीय, भाजपा नेता गोपाल नेनवा, श्याम रोदरिया, गोपाल पंचोली और भाजपा जिला महामंत्री चित्तौडगढ़ रोशन राठौर भी इस दौरान मौजूद रहे। नगर पालिका से अध्यक्ष मंजू देवी सोनी और उपाध्यक्ष एजाज अली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव ने भी स्वागत में भाग लिया।साहू समाज के प्रमुख सदस्यों में प्रकाश साहू, सुनील साहू, नवयुवक मंडल अध्यक्ष युगल किशोर साहू, गोपाल साहू, पन्नालाल साहू, तुलसीराम, बंसीलाल,भवानी, विजय साहू, पप्पू साहू, गोपाल सरोलिया, रोहित साहू, प्रकाश इंदौरा, भाजपा के दिनेश सोनी, गौरव दाधीच, प्रतीक वैष्णव, मनोज सोनी, लक्ष्मी लाल कुमावत, सुरेश माली, राजू माली, गौतम चाष्टा, आशीष सोनी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने स्वागत किया।

दिव्यांग को झील में डूबने से बचाया

उदयपुर, (कासं)। पिछोला झील किनारे गणगौर घाट पर एक दिव्यांग नहाते समय संतुलन बिगडने से गहरे पानी में चला गया। वहां मौजूद कुछ युवक जोर से चिल्लाए बचाओ.बचाओ। तो वहां रोजाना आने वाले दिव्यांश वैष्णव ने उसकी जान बचाई।प्राप्त जानकारी अनुसार झील किनारे नहाते समय दिव्यांग का संतुलन बिगड गया जिससे वह गहरे पानी में जाने लगा।दिव्यांग को डूबते हुए देख वहां मौजूद कुछ युवक जोर से चिल्लाए बचाओ-बचाओ चिल्लाने की आवाज सुन युवक दिव्यांश वैष्णव ने बहादुरी दिखाते हुए उसे सुरक्षित बचा लिया। गणगौर घाट पर उस समय टूरिस्ट्स सहित कई लोग मौजूद थे लेकिन बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर दिव्यांश ने बिना देरी किए झील में छलांग लगा दी और दिव्यांग युवक घनश्याम भारद्वाज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दिव्यांश वैष्णव ने बताया कि वह गणगौर घाट पर बने हनुमान मंदिर में रोजाना पूजा और साफ.सफाई करने आता है। उसने कुछ युवकों को गणगौर घाट पर नहाते हुए देखा था। दिव्यांग घनश्याम का एक हाथ नहीं है। ऐसे में वह सीढयिों पर नहा रहा था। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड गया और वह धीरे-धीरे गहरे पानी में जाने लगा। दिव्यांश ने बताया कि वह सिविल डिफेंस टीम में वालंटियर्स है इसलिए उसे तैरना आता है कई बार रेस्क्यू टीम के साथ भी काम कर चुका है।

सम्मेलन में डॉ. शर्मा ने भाग लिया

उदयपुर, (कासं)। पुणे में आयोजित चेस्ट फिजीशियन के वार्षिक सम्मेलन में गीतांजली मेडिकल कॉलेज के चेस्ट विशेषज्ञ, डॉ. ऋषि कुमार शर्मा ने बतौर विशिष्ट वक्ता भाग लिया।पुणे में आयोजित चेस्ट फिजीशियन के वार्षिक सम्मेलन में गीतांजली मेडिकल कॉलेज के चेस्ट विशेषज्ञ, डॉ. ऋषि कुमार शर्मा ने बतौर विशिष्ट वक्ता भाग लिया। उन्होंने अस्थमा बीमारी के निदान के लिए स्पाइरोमेट्री जांच की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्थमा रोग की शुरुआत ज्यादातर बचपन में होती है और यह खांसी के रूप में बच्चों को प्रभावित करता है। इसलिए शुरुआती अवस्था में ही इसका निदान आवश्यक होता है, ताकि सही दवाइयाँ शुरू की जा सकें। इसमें स्पाइरोमेट्री जांच की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

न्यायाधीश ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का मासिक निरीक्षण

राजसमंद, (कासं)। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के आदेशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर एवं जिला सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने शुक्रवार को राजकीय किशोर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

अग्रवाल ने गृह की आधारभूत

■ निरीक्षण के दौरान बाल संप्रेक्षण गृह की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई

संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ व्यवस्था, प्रकरणों की स्थिति आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय कुल 17 बालक आवासरत पाए गए। किशोरों से वार्ता की गई सभी ने अपने मामलों में अधिवक्ता द्वारा पैरवी किया जाना बताया। गृह की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। भोजन व्यवस्था के प्रति बालकों ने संतोष व्यक्त किया। मीनू अनुसार बालकों को भोजन दिया जाना सुनिश्चित करवाने के

राजकीय किशोर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल।

निर्देश दिए गए। बालकों का स्वास्थ्य परीक्षण 12 जनवरी 2025 को करना बताया। सभी बालक स्वस्थ हैं।

जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा संचालित जागृति विशेष आवासीय विद्यालय का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं शिक्षा के स्तर की जांच की गई। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय बालकों को अध्ययन करवाया जा रहा था। मनोरंजन के लिए छात्रावास में लगाई गई टीवी कार्यशील अवस्था में है। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। बालकों को सर्दी में गर्म पानी से नहाने के लिए गीजर की व्यवस्था है। बालकों को सुबह भोजन में सब्जी व चपाती दी गई। विद्यालय की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। गृह में पेयजल के लिए समुचित व्यवस्था है। आवासीय विद्यालय में 35 बालकों का आवासरत होना पाया गया, जिनके लिए डबल डेकर बेड, गद्दे, चादर, तकिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

दरगाह शरीफ पर उमड़े जायरीन

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर नो चंदी जुमेरात पर उमड़े जायरीने दीवाना, हजारो लोगो ने की जुम्आ की नमाज़ अदा। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार जुमेरात प्रात: काल से ही जायरीन की आवक शुरू हो गई, स्टेशन, दरगाह शरीफ व हाईवे तक जायरीने दीवाना का आना-जाना लगा रहा। दरगाह शरीफ के अहाता ऐ नूर मे महफिले मीलाद एवं कव्वाली का प्रोग्राम दिनभर चलता रहा। हर तरफ दीवाना-दीवाना की गूंज सुनाई दी। आस्ताना ऐ आलिया के मुख्य मज़ार पर चादर शरीफ, फूल, ईत्र, पेश करने के लिये लम्बी-लम्बी कतारे लगी। मिन्नत के धागे बांधने एवं मिन्नत पुरी होने पर अपने अहबाबो अकरबा जो की तकरीबन 70 के करीब को गुड, खोपरा, सुखे मेवे से तोल कर अपनी मिन्नत पुरी की। शाम को चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की तो पूरी दरगाह परिसर आमीन-आमीन की सदाओ से गूंज उठा। दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से जायरीने दीवाना के लिए छाया-पानी, ठंड से बचाव के लिए माकूल इंतजाम किया गया।

रेस्टोरेंटकर्मी की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में रेस्टोरेटकर्मी की अकाल मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखेर थानाक्षैत्र में शोभागपुरा स्थित करि एण्ड क्वाब रेस्टोरेंट के कर्मचारी करावला भीम निवासी चेनसिंह पुत्र मिठुसिंह रावत की अकाल मौत हो गई। चेनसिंह गुरूवार को रेस्टोरेंट पर छुट्टी होने से काम पर नहीं गया था। कमरे पर सोया था। दूसरे दिन साथी कर्मचारियों के कमरें पर पहुंचने पर वह नहीं उठा। इसका पता चलने पर देखा तो वह अचेत पडा था। जिसे चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

राजसमंद, (निसं)। अखिल मेवाड क्षेत्र जाट समाज महासभा संस्थान की ओर से मेवाड के हरिद्वार मातृकुंडिया में नवनिर्मित श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का दस दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार 1 फरवरी से शुरू होगा। कार्यक्रम को लेकर नवनिर्मित श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सहित मातृकुंडिया पूरे कस्बे को फर्रियों से दुल्हन की तरह सजाया गया है।

दोपहर दो बजे से अलख वेद गुरूकुल पुठवाडिया के स्वामी जी आचार्य गौ हितेश शर्मा के सानिध्य में हिमाद्री स्नान हुआ। रविवार से 51 कुण्डिय महारूद्र यज्ञ होगा जिसमें 125 विद्वान वैदि पण्डितों के सानिध्य में

■ कलश यात्रा में शामिल होंगी 11 हजार से अधिक महिलाएं

समाज के वरिष्ठजन आहुतियां देंगे। महासभा अध्यक्ष माधवलाल जाट ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन शनिवार को कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत होगी। एक ही परिधानों में सजी 11 हजार से अधिक महिलाएं अपने सीर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल होगी। यात्रा मातृकुंडिया महादेव मंदिर से शुरू होगी ज कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, डेयरी चेयरमैन रतनलाल जाट, पीसीसी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर, राजसमंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड, राजसमंद पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी, चित्तोडगढ कांग्रेस जिलाध्यक्ष व कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी, कांग्रेस नेता लालसिंह झाला, कांग्रेस प्रदेश सचिव हनवंतसिंह बोहेडा, राजसिंह झाला सहित मेवाड जाट महासभा के अध्यक्ष माधवलाल जाट, जिलाध्यक्ष ओंकार वालिया, शंकरलाल जाट, मिठ्ठालाल जाट, रामेश्वरलाल जाट आदि शामिल होंगे।

सीवरेज व जल प्रदाय योजना की धीमी प्रगति को लेकर जताई नाराजगी

डूंगरपुर, (निसं)। शहर में सीवरेज और जल प्रदाय योजना को लेकर कार्य चल रहा है और कार्य की धीमी प्रगति को लेकर सभापति अमृतलाल कलासुआ ने नाराजगी व्यक्त की और कहां कि कार्य की प्रगति बढाये और तय समय पर कार्य कर कार्य को पूर्ण करें।

शुक्रवार को सभापति ने आयुक्त लोकेश पाटीदार के साथ उपसभापति सुदर्शन जैन, सहायक अभियंता अनिल पाटीदार और विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सभापति ने कहां

■ सीवरेज और जल प्रदाय योजना की प्रगति को लेकर बैठक सम्पन्न

कि जिन वार्ड में कार्य पूर्ण होने को आ रहा है वहां सडक बनाने का कार्य शुरू किया जाए साथ ही जहा वार्ड का अधूरा पडा है उसको बिना विलम्ब के पूर्ण करे। सहायक अभियंता अनिल पाटीदार उन्होंने कहां कि शास्त्री कॉलोनी एवं सिंधी कॉलोनी में वॉटर व सीवर लाइन का कार्य लगभग पूर्ण हो चूका है

सीवरेज और जल प्रदाय योजना की बैठक में समीक्षा की।

एसटीपी प्रगति पर है तथा पानी की लाइन लगभग 3 महीने में शुरु करने की स्थिति में है।

इसमें वॉटर मीटर व वॉटर मीटर बॉक्स लगा दिए जायेंगे एवं जो कार्य बकाया है वो भी जल्दी ठीक कर दिया जाएगा। जिन वार्डो में कार्य पूर्ण हो चूका वहा सडक बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा,साथ ही जिन वार्डो में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उसको ठेकेदार द्वारा जल्द ही पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्य को लेकर शहरवासियों को जो असुविधा हो रही है,उसके लिए विभाग को खेद है। वही शहर में जहां जहा कार्य पूर्ण हो चूका है वहां भी सीवर और जल प्रदाय योजना के कनेक्शन देकर सडक के डामरीकरण का कार्य चल राहा है बहुत जल्दी पूर्ण कर लिया जाएगा।

सार-समाचार

दो इमारतों को किया सीज

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है दूसरे दिन फिर से राजस्व शाखा द्वारा दो प्रतिष्ठानों को सीज किया गया।नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 संपतियों को सीज किया गया। शुक्रवार को सब सिटी सेंटर सविना खेडा स्थित मारुति सुजुकी (कमशिर्यल) की संपत्ति जिसका नगरीय विकास कर कुल 676923रूपये बकाया था जिसे सीज किया गया। वहीं भूपालपुरा स्थित तलेसरा चैंबर जिसका कुल 1025055. रुपए नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। संबंधित फर्मों द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु दोनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और पुलिस बल मौजूद रहा।

अवैध गांजा व स्मैक बरामद

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस की स्पेशल टीम, ओगणा व प्रतापनगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 42 किलों से अधिक अवैध गांजा व स्मैक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन जिला पुलिस की स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, ओगणा थानाधिकारी देवीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने भियाटा से जुडा रोड़ पर सेजु उर्फ पावा पुत्र बुराजी निवासी भियाटा माण्डवा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 42 किलों 480 ठााम अवैध गांजा बरामद कर प्रकरण दर्ज किया। इसी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में पुलिस की स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, प्रतापनगर थाना अधिकारी राजेन्द्रसिंह मय टीम ने संयुकत कार्यवाही करते हुए मो. ईशाक पुत्र शफी मो. निवासी मठ मादड़ी रोड़ हाल भोईवाड़ा खेमपुरा प्रतापगर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 6.70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

वार्षिकोत्सव 'झंकार' का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बारापाल में शुक्रवार को रंगारंग प्रस्तुत्तियो के साथ वार्षिकोत्सव झंकार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सीताराम शर्मा ने करते हुए वर्षपर्यंत विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भामाशाह गुरु गोविंद सिंह विद्यालय के सरोज जैन एवं स्थानीय विद्यालय के ऋतु सिंघवी एवं ग्राम विकास अधिकारी पावन जोशी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि तख्तसिंह शक्तावत ने विद्यालय के भौतिक विकास हेतु आश्वासंन दिया साथ ही ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के द्वारा ग्रामीण विद्यार्थियों हेतु संचालित नि:शुल्क हवाई यात्रा के बारे में विस्तृत में चर्चा की। पावन जोशी के विद्यालय के दोनों परिसर में शौचालय निर्माण हेतु आश्वस्त किया। विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम में अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

फर्जी रजिस्ट्री का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। पीडित के नाम से फर्जी व्यक्ति ने जमीन को अन्य व्यक्ति के नाम पर रजिस्ट्री करवा पीडित के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रूपलाल पुत्र धुला भील निवासी कसनियावट गोगुन्दा ने बडगांव निवासी मांगीलाल पुत्र भग्गाजी भील व साथी इरफान खान पुत्र उस्मान खान तथा शब्बीर अली पुत्र सैफुद्दीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें पीडित ने बताया कि अज्ञात आरोपी ने आधार कार्ड में कांट छांट कर मेरे नाम से आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज तैयार कर 17 जनवरी 2025 को मांगीलाल के नाम पर मेरी जमीन की रजिस्ट्री करवा दी। गत दिनों नामांतरण की कार्यवाही होने से इसका पता चला। पडताल करने पर कूटरचित दस्तावेज से रजिस्ट्री होने की जानकारी सामने आने पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

बाइक खड्डे में गिरी, दो की मौत

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना क्षेत्र में अनियंत्रित बाईक खड्डे में जा गिरी।हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को डबोक थाना क्षैत्र मोडी स्थित शाह पोलिमर टेक्साईल में काम करने वाले श्रमिक नियर नामहर झाझेटी जिला नयागांव आसाम हाल मोडी स्थित शाह पोलिमर टेक्सटाईल्स निवासी कंटकराम पुत्र नंदेश्वर बोरदलोई तथा विद्युत बोरदोलोई पुत्र पुष्पेन्द्र पोरदोलोई दोनों बाइक पर फेक्ट्री से भमरासिया जाने के लिए रवाना हुए थे। जहां बीच रास्ते लक्ष्मणपुरा के समीप मोड़ पर अनियंत्रित बाइक खड्डे में जा गिरी।

कार्यालय नगर पालिका मावली, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-न.पा.मा./90-ए/2024-25/ **-: लोक-सूचना :-** दिनांक :-..............

श्री नन्द लाल खटवड पिता श्री ख्याली लालजी खटवड निवासी स्टेशन रोड मावली, तहसील-मावली, जिला-उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम मावली	खसरा संख्या 823, 824, 1673	1.0926 हैक्टेयर यानि 117563.78र्गफीट यानि 13062.64 वर्गगज
		कुल किता-3	यानि 10926 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-ए और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले को निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .... को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मावली

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- न.पा.फ.स./90-ए/2024-25/2375 दिनांक:- 31.1.25

-: लोक सूचना :-

1. श्री गौरव कुमार बंसल पिता श्री कन्हैयालाल बंसल, निवासी- निम्बाहेडा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) 2. श्री मदनलाल जाट पिता श्री गंगाराम जी जाट, निवासी- लदाना, तहसील- मावली, जिला-उदयपुर (राज.) 3. श्रीमति शकुंतला देवी बंसल पत्नि श्री कन्हैयालाल बंसल निवासी- निम्बाहेडा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) 4. श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री फतहलाल बंसल, निवासी-कांकरोली, जिला-राजसमन्द (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम फतहनगर, पटवार हल्का फतहनगर	200 792/789 793/789	रकबा 0.7971 हैक्टेयर यानि 85767.96 वर्गफीट यानि 9529.77 वर्गगज यानि 7971 वर्गमीटर
	कुल किता-3		

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ...... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका फतहनगर सनवाड

कार्यालय नगरपालिका कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/न.पा.क./भूमि/2024-25/5283 दिनांक: 31.01.25

-:: आपत्ति सूचना ::-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय नगरपालिका कपासन में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रार्थना पत्र मय नक्शा व मिल्कीयत सबूत सहित निम्नानुसार भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है :-

क्र. सं.	नाम आवेदक	स्थान	भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित क्षैत्रफल(वर्गफीट में)
1.	श्रीमती ताहेरा खान पत्नी श्री सैयद एजाज अली निवासी कपासन	मास्टर कॉलोनी (अध्यापक कॉलोनी) वार्ड नं. 07 कपासन	170.00 वर्गफीट

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय समय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के दौरान किसी प्रकार की लिखित आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह समझा जावेगा कि उक्त भू उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति नहीं है। तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा तथा निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(प्राधिकृत अधिकारी) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कपासन